सोमवार
01 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पंस सदस्य हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा
हत्या में मुखिया पति सहित तीन गिरफ्तार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 100वां एपिसोड प्रसारित

स्वच्छ भारत हो, खादी या अमृत महोत्सव मन की बात जन आंदोलन बन गए : पीएम

♦ लाइव प्रसारण के लिए देशभर में बूथ स्तर पर बनाए गए चार लाख सेंटर

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वां एपिसोड रविवार को प्रसारित किया गया। 'मन की बात' के लाइव प्रसारण के लिए देशभर में बूथ स्तर पर चार लाख सेंटर बनाए गए हैं, जहां रेडियो कार्यक्रम को प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम इसी चरैवेति चरैवेति की भावना के साथ ह्यमन की बातह्व का 100वां एपिसोड पूरा कर रहे हैं. हर एपिसोड में देशवासियों के सेवा और सामर्थ्य ने दूसरों को प्रेरणा दी है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि एक तरह से ह्यमन की बातह्व का हर एपिसोड अगले एपिसोड के लिए जमीन तैयार करता है। मन की बात हमेशा सद्भावना, सेवा-भावना और कर्तव्य-भावना से ही आगे बढ़ा है। पीएम ने कहा कि मेरा अटूट विश्वास है कि सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस साल हम जहां आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहे हैं। यह भी एक वजह है कि एजुकेशन के साथ-साथ डाइवर्स ग्लोबल कल्चर्स को समृद्ध करने के लिए हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। ऐसे ही हमने स्वच्छ सियाचिन, सिंगल यूज प्लास्टिक और ई-वेस्ट जैसे गंभीर विषयों पर भी लगातार बात की है। आज पूरी दुनिया पर्यावरण के जिस मुद्दे को लेकर इतना परेशान है, उसके समाधान में मन की बात के प्रयास बहुत अहम है।

पीएम ने कहा, आज देश में टूरिज्म बहुत तेजी से ग्रो कर रहा है। हमारे ये प्राकृतिक



संसाधन हों, नदियां, पहाड़, तालाब या फिर हमारे तीर्थ स्थल हों, उन्हें साफ रखना बहुत जरूरी हैअ ये टूरिज्म इंडस्ट्री की बहुत मदद करेगा। पर्यटन में स्वच्छता के साथ-साथ हमने इन्क्रिडिबल इंडिया मूवमेंट की भी कई बार चर्चा की है। इस मूवमेंट से लोगों को पहली बार ऐसे कितनी ही जगहों के बारे में पता चला, जो उनके आस-पास ही थे। मैं हमेशा ही कहता हूं कि हमें विदेशों में टूरिज्म पर जाने से पहले हमारे देश के कम से कम 15 टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर जरूर जाना चाहिए और यह डेस्टिनेशन जिस राज्य में आप रहते हैं, वहां के नहीं होने चाहिए आपके राज्य के बाहर के होने चाहिए। मेरे लिए मन की बात एक कार्यक्रम नहीं, आस्था, पूजा, व्रत है। जैसे लोग ईश्वर की पूजा करने जाते हैं। प्रसाद की थाल लाते हैं। मेरे लिए मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल की तरह है। मन की बात मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है। मन की बात स्व से समष्टि की यात्रा है। अहं से वयं की यात्रा है। ये मैं नहीं तू ही संस्कार साधना है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात की रिकॉर्डिंग के समय कई बार भावुक भी हुआ। इसकी वजह से कई बार दोबारा रिकॉर्डिंग की गई।

कार्यक्रम ने कभी मुझे आपसे दूर नहीं होने दिया : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम ने कभी मुझे आप लोगों से दूर नहीं होने दिया। जब मैं सीएम था, वहां लोगों से मिलना जुलना हो जाता था, लेकिन जब 2014 में दिल्ली आया तो मैंने पाया कि यहां का जीवन बहुत अलग है। दायित्व अलग, सुरक्षा का तामझाम, समय की सीमा, शुरूआती दिनों में कुछ अलग महसूस होता था। 50 साल पहले मैंने अपना घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि एक दिन अपने ही देश के लोगों से संपर्क ही मुश्किल हो जाएगा। जो देशवासी मेरा सब कुछ है, मैं उनसे ही कट करके जी नहीं सकता था। मन की बात ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया, सामान्य मानवी से जुड़ने का रास्ता दिया। पदभार और प्रोटोकॉल, व्यवस्था तक ही सीमित रहा और जनभाव, कोटि-कोटि जनों से साथ, मेरे भाव, विश्व का अटूट अंग बन गया।

मेरे लिए दूसरे के गुणों को पूजा करने की तरह : पीएम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा के साथ जब मन की बात की तो इसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। मन की बात मेरे लिए दूसरे के गुणों को पूजा करने की तरह रहा है। मेरे लिए ये कार्यक्रम दूसरे के गुणों से सीखने का बड़ा माध्यम बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात एक जन आंदोलन बन गया है। चाहे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम हो, स्वच्छता आंदोलन हो, खादी प्रेम हो या फिर प्रकृति की बात या आजादी का अमृत महोत्सव हो, जो भी मन की बात कार्यक्रम से जुड़ा, वह जन आंदोलन बन गया। मन की बात को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसका हर एपिसोड खास रहा है। हर बार नए उदाहरण की नवीनता दिखाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से लोग जुड़े, हर आयु वर्ग के लोग जुड़े।

बिहार के प्रमोद बैठा ने किया कमाल



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के रविवार को 100वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसमें पीएम मोदी ने बिहार ही नहीं देश के अलग-अलग राज्यों और जिले के उन सभी लोगों का जिक्र किया। जिन्होंने अपने सक्रिय योगदान से समाज के लोगों को कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित किया है। इसी क्रम में उन्होंने पश्चिम चंपारण का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर से मन की बात में बिहार के बेतिया के मझौलिया निवासी प्रमोद बैठा का जिक्र किया। जिसके बाद से प्रमोद के घर के साथ-साथ पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। बता दें कि प्रमोद बैठा ने कोरोना काल में अपने घर में ही एलईडी बल्ब की फैक्ट्री लगाई थी और इस तरह वह एलईडी बल्ब बनाने लगा और स्थानीय बाजार में सप्लाई करने लगा। आत्मनिर्भरता की मिसाल बने प्रमोद ने अपने एलईडी फैक्ट्री में गांव के बेरोजगार युवकों को रोजगार भी दिया है। अब प्रमोद अपनी फैक्ट्री में बने हजारों एलईडी बल्ब को बेचते हैं। जिसके बाद प्रमोद की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने 28 फरवरी 2021 के 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रमोद का जिक्र किया था। वहीं आज फिर से 'मन की बात' के 100वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने प्रमोद बैठा का जिक्र किया जिसके बाद से प्रमोद की खूब चर्चा हो रही है।

खुलासा: अतीक अहमद ने सट्टेबाजी में लगा रखे थे करोड़ों, पांच सट्टा कारोबारी रडार पर

केटी न्यूज/प्रयागराज

माफिया अतीक की मौत के बाद उसके काले कारोबारों से एक-एक करके परदा उठता जा रहा है। अब माफिया अतीक और उसके सट्टा कनेक्शन के बारे में खुलासा हुआ है। एसटीएफ की जांच में अतीक अहमद के सट्टा कारोबारियों के साथ कनेक्शन के बारे में जानकारी मिली है। पुलिस ने 5 सट्टा कारोबारियों को रडार पर ले रखा है।

पुलिस को पता चला है कि अतीक का प्रयागराज के बड़े सट्टा कारोबारियों के साथ रिश्ता था। अतीक अपने अवैध वसूली के पैसों का इस्तेमाल सट्टे में करता था। अतीक अपनी काली कमाई से करोड़ों रुपये का सट्टा खेलता था। अब पुलिस उन सट्टा कारोबारियों के बारे में जानकारी जुटा रही है जो अतीक के काले कारोबार में शामिल थे। इस बीच अतीक अहमद की हत्याकांड को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। पुलिस की जांच में यह पता चला है कि अतीक अहमद ने पुलिस कस्टडी में खुद पर हमला करवाने की साजिश रची थी। अतीक का प्लान खुद पर हमला करवाकर अपनी सुरक्षा बढ़वाना था। इस जानकारी के बाद पुलिस एक नई थ्योरी पर काम कर रही है कि कहीं अतीक के किसी अपने ने उसे डबल क्रॉस तो नहीं कर दिया और फेक हमले की जगह पर हत्या की साजिश



रच दी। अतीक ने खुद पर फेक हमला करवाने का जिम्मा अपने सबसे करीबी गुड्डू मुस्लिम को दिया था। गुड्डू मुस्लिम ने फेक हमले के लिए पूर्वांचल के बदमाशों से संपर्क भी किया था। गुड्डू मुस्लिम वही है जो प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में बम फेकते नजर आया था। अतीक अहमद की हत्या में डबल क्रॉस थ्योरी पर शक इसलिए भी मजबूत हो रहा है क्योंकि हत्या से कुछ पल पहले जब अतीक अहमद अपने भाई अशरफ के साथ पुलिस की जीप से उतरा था तो उसने किसी को इशारा किया था। वो शख्स कहीं वो ही तो नहीं था जिसे फेक हमला करने का जिम्मा सौंपा गया था। एक आशंका यह भी जाहिर की जा रही हैं कि कहीं लवलेश, सनी और अरुण को फेक हमले के लिए तो नहीं लाया गया था और आखिरी समय में किसी ने माफिया के साथ गद्दारी करते हुए इसे मर्डर प्लान में बदल दिया।

एक मई से बक्सर में शुरू होगी 5जी सेवा

बक्सर। जिला मुख्यालय में एयरटेल की फाइव जी सेवा एक मई से प्रारंभ हो रही है। रविवार को इसकी जानकारी जिले के डिस्ट्रीब्यूटर ऋषि श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह सेवा शहरी क्षेत्र में प्रारंभ हो रही है। धीरे-धीरे जिले में भी इसका विस्तार होगा। कंपनी के अधिकारी सोमवार को बक्सर पहुंच रहे हैं। हमारा कार्यालय बाजार समिति के सामने स्थित है। जहां इसका शुभारंभ दिन के दस बजे किया जाएगा। साथ ही नगर में एक छोटा बाइक जुलूस निकलेगा। जिससे लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। अब बक्सर भी उन शहरों में शामिल हो गया है। जहां फाइव जी की स्पीड से इंटर सेवा का आनंद उपभोक्ता उठा सकेंगे।

लुधियाना में जहरीली गैस रिसाव से दो बच्चों समेत 11 की मौत

एजेंसी/लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां जहरीली गैस रिसाव के कारण 5 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 से अधिक लोग बेहोश हो गए जिन्हें तुरंत अस्पताल में इलाज के बाद बचाया जा सका। मरने वालों में 5 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल हैं। लुधियाना की डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुरभि मलिक ने इन आंकड़ों की पुष्टि की है।

मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लेने के बाद डीसी सुरभि मलिक ने बताया कि लोगों को पैनिक करने की जरूरत नहीं है। एनडीआरएफ की टीम राहत बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। पुलिस और प्रशासन की तरफ से भी हर संभव मदद की जा रही है। प्रथम दृष्टया से ऐसा लग रहा है कि सीवर की गैस की वजह से ही ऐसा हुआ है। फिलहाल डिटेल्स के लिए जांच की जा रही है। मेन होल से सैंपल ले रहे हैं कि आखिर किस केमिकल से रिएक्ट करके ये जानलेवा गैस निकली? फिलहाल किसी तरह की पाइपलाइन फटने की कोई खबर नहीं मिली है। सेफ्टी के लिहाज से लोगों को इस एरिया से थोड़ी दूर रहने की सलाह दी जा रही है।

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी जल्द ले सकते हैं कुछ बड़ा फैसला

केटी न्यूज/पटना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की मुलाकात के बाद बिहार की राजनीति गरमा गई थी। इस मुलाकात के बाद एनडीए में शामिल होने की चर्चा को लेकर जीतन राम मांझी सुर्खियों में आ गए थे। इसके बाद कयास लगाया जा रहा था कि जीतन राम मांझी जल्द कुछ बड़ा फैसला ले सकते हैं। वहीं, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हम राष्ट्रीय परिषद की बैठक 14 और 15 मई को होगी। राष्ट्रीय परिषद की बैठक की घोषणा के बाद कयासों का दौर एक फिर शुरू हो गया है।



हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक संभवत बिहार के राजगीर में होगी। बैठक में पार्टी के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सहित पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं, हम के प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने बताया कि हम की होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक में वर्तमान राजनीति परिवेश में संगठन की मजबूती को लेकर बहुत सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

जीतन राम मांझी शराबबंदी कानून पर सवाल उठाते रहे हैं। बार-बार बोलते हैं कि दलित पिछड़ों को इस शराबबंदी कानून के तहत जेल में डाला गया। इतना ही नहीं बल्कि जीतन राम मांझी ने महागठबंधन में को-ऑर्डिनेशन कमेटी बनाने की मांग की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह बिहार के पूर्व सीएम रह चुके हैं। उनको लगता है कि बिहार सरकार अपने अहम निर्णयों में उनका सुझाव नहीं लेती है।

मल्लिकार्जुन खरगे की गई विवादित टिप्पणी की हुई जमकर आलोचना

नई दिल्ली। कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने कई बड़े दिग्गजों को चुनावी प्रचार मैदान में उतार दिया है। आरोप प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। बीजेपी के कई मंत्री और मुख्यमंत्री जनसभाएं कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर्नाटक में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यूपी के सीएम ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा की गई विवादित टिप्पणी की जमकर आलोचना की। इसे लेकर उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। कर्नाटक के कलबुर्गी में एक जनसभा के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने मोदी जी पर टिप्पणी की। क्या इस उम्र में खड़गे जी को ये शोभा देता है? ये दिखाता है कि कांग्रेस हार रही है और उनके पुत्र की जमानत जब्त हो रही है। प्रधानमंत्री का अपमान राष्ट्र का अपमान होता है। ये भारत का अपमान करते हैं। भारत की 140 करोड़ जनता का अपमान करते हैं। भारत का अपमान करने वाले किसी व्यक्ति को हमें स्वीकार नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य संतों का आशीर्वाद हमेशा डबल इंजन की सरकार को प्राप्त हुआ है। इसीलिए मैं आज कर्नाटक के पूज्य संतों से भी अपील करूंगा कि उनका सानिध्य और उनका आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता है। उनके विकास के लिए अपना आशीर्वाद डबल इंजन की सरकार को दें। सीएम ने कहा कि लोग आज मुझसे पूछते हैं कि यूपी में आज जनता आपको इतना प्यार क्यों करती है, तो मैं एक बात कहता हूं कि इसमें व्यक्ति नहीं ये प्रधानमंत्री मोदी जी का मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की ताकत है। बिना भेदभाव के शासन की योजना हर गरीब को और हर नौजवान को, हर एक तबके को प्राप्त हो रही है।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के कई गोपनीय दस्तावेज इंटरनेट पर वायरल

पीएम से लेकर विदेश मंत्री तक की बात 'सुन' सकता है अमेरिका

एजेंसी/नई दिल्ली

पिछले दिनों अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के कई गोपनीय दस्तावेज इंटरनेट पर वायरल हो गए थे। इन गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी सुरक्षा एजेंसियों के जांच के दायरे में आ गए थे। अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के अंदर सेंध लगने के चलते पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया था।

अमेरिकी गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के बाद पाकिस्तान से जुड़ी एक खबर भी लीक हुई है। इन दस्तावेजों में पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार से जुड़ा एक



मामला शामिल है। इन दस्तावेजों के अनुसार हिना रब्बानी खार ने कहा था कि उनका देश पाकिस्तान, चीन और अमेरिका के बीच बिचैलिया नहीं बना रह सकता। अगर पाकिस्तान अमेरिका की तरफ झुकता है तो उसे चीन से मिलने वाले बड़े फायदे बंद हो जाएंगे। बता दें कि गोपनीय दस्तावेज अमेरिकी सैन्य दस्तावेजों के सबसे बड़े लीक मामलों में से एक है। रक्षा विभाग ने एक आधिकारिक जांच भी शुरू कर दी है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार हिना रब्बानी खार ने यह बातें एक इंटरनल मेमो में कही हैं। इस मेमो का शीर्षक है कि पाकिस्तान के मुश्किल विकल्प है। मेमो में हिना रब्बानी खार ने लिखा कि पाकिस्तान को पश्चिम को खुश करने का आभास देने से बचना चाहिए।

पाकिस्तान, अमेरिका और चीन की जिक्र : इसके अलावा हिना रब्बानी खार ने मेमो में लिखा है कि अमेरिका के साथ अगर पाकिस्तान दोस्ती बनाए रखता है तो उसे चीन के साथ उसके वास्तविक रणनीतिक साझेदारी को गंवाना पड़ेगा। पाकिस्तान अब और बिचौलिया नहीं बन सकता। हिना रब्बानी खार का यह मेमो अमेरिका के हाथ में कैसे लगा इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है। अपने मंत्री की बातें लीक होने के बाद खुद पाकिस्तान भी सकते में है। दरअसल, 9/11 आतंकी हमल के बाद पाकिस्तान ही वह देश है, जिसे अमेरिका से अरबों डॉलर की मदद मिलती रही है। इसके अलावा अमेरिका ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से जुड़े कुछ अति संवेदनशील बातों को भी लीक किया है।



खबरें फटाफट

हत्या करने जा रहा युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

आरा। जिले के धनगाई थाना की पुलिस द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम देने जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। शनिवार की शाम उसे हाईवे से बलुआई गांव की ओर जाने वाले रास्ते के पास गिरफ्तार किया गया। हालांकि उसके दो अन्य साथी भाग निकले। पकड़ा गया युवक जगदीशपुर थाने के खपटहा गांव निवासी लाल बाबू सिंह का पुत्र प्रिंस कुमार है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम धनगाई थाने की पुलिस? हाईवे से बलुआई गांव की ओर जाने वाले रास्ते के पास गश्ती कर रही थी। तब पुलिस को देख एक बाइक सवार तीन युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो एक बाइक से उतर कर भागने लगा। उसे खदेड़ कर पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली व एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में उसने किसी युवक को गोली मारे जाने की बात स्वीकार की। एसपी ने बताया कि उससे पूछताछ कर पूरी घटना की जानकारी ली जा रही है।

गंगा में युवक की डूबने से मौत

आरा। जिले के धोबहा ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से रविवार की सुबह एक युवक की मौत हो गयी। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। दोपहर बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसके शव को गंगा से निकला गया। मृत युवक सलेमपुर गांव निवासी शिव नारायण राम उर्फ डिमगर राम का 28 वर्षीय पुत्र चंदन राम था। वह राजमिस्त्री के साथ मजदूरी का काम करता था। उसके चाचा राजमंगल राम ने बताया कि वह रविवार की सुबह करीब सात बजे गांव स्थित गंगा नदी घाट पर स्नान करने गया था। डूबकी लगाने के दौरान वह डूब गया। उसे डूबता देख मौजूद महिलाओं द्वारा शोर मचाया जाने लगा। सूचना मिलने पर धोबहा ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की पहल पर एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। एसडीआरएफ टीम के काफी प्रयास के बाद भी शव नहीं मिल सका। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों ने गंगा नदी में छलांग लगाई और शव को गंगा से बाहर निकाला गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था।

सलाहः नवजात में डायरिया के लक्षण नजर आने पर तत्काल करें डॉक्टर से संपर्क

- निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) की स्थिति होती है शिशु के लिए घातक
- ओआरएस के सेवन से करें प्राथमिक प्रबंधन

केटी न्यूज/आरा

बदलते मौसम में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अस्पतालों में डायरिया, वायरल बुखार, सर्दी जुकाम के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। डायरिया के कारण बच्चों और वयस्कों में अत्यधिक निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने से समस्याएं बढ़ जाती है एवं कुशल प्रबंधन के अभाव में यह जानलेवा भी हो सकता है। इसके लिए डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्कता एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर डायरिया जैसे गंभीर रोग से आसानी से बचा जा सकता है। नवजात बच्चों में डायरिया के लक्षण दिखते ही उसके घरवालों को सजग हो जाना चाहिए। प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस का घोल दिया जा सकता है। जिससे निर्जलीकरण की स्थिति से बचा जा सके। अगर बच्चे को इससे राहत न मिले तो बिना विलम्ब किये तुरंत मरीज को चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए ताकि शीघ्र इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके।

ज्यादा घरेलु उपचार से बचें : अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि नवजात एवं छोटे बच्चों में डायरिया के लक्षण यदि ओआरएस के



सेवन के बाद भी रहे तो अविलम्ब मरीज को डॉक्टर के पास ले जाएं तथा उचित उपचार कराएं। उन्होंने बताया नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए तथा चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। इसमें विलम्ब जानलेवा साबित हो सकता है और जिले में डायरिया से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण उपचार में की गयी देरी होती है।

क्या है डायरिया : डायरिया मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं। पहला एक्यूट वाटरी डायरिया जिसमें दस्त काफी पतला होता है एवं यह कुछ घंटों या कुछ दिनों तक ही होता है। इससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं अचानक वजन में गिरावट होने का खतरा बढ़ जाता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिया जिसे शूल के नाम से भी जाना जाता है। इससे आंत में संक्रमण एवं कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया जो 14 दिन या इससे अधिक समय तक रहता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण एवं गैर-आंत के संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। चौथा अति कुपोषित बच्चों में होने वाला डायरिया होता है जो गंभीर डायरिया की श्रेणी में आता है। इससे व्यवस्थित संक्रमण, निर्जलीकरण, हृदय संबंधित समस्या, विटामिन एवं जरुरी खनिज लवण की कमी हो जाती है।

इन लक्षणों का रखें ध्यान

बच्चों में डायरिया के शुरूआती लक्षणों का ध्यान रख आसानी से पहचान की जा सकती हैं।

- लगातार पतले दस्त का होना
- बार-बार दस्त के साथ उल्टी का होना
- प्यास का बढ़ जाना
- भूख का कम जाना या खाना नहीं खाना
- दस्त के साथ हल्के बुखार का आना
- दस्त में खून आना जैसे लक्षणों के आधार पर डायरिया की पहचान आसानी से की जा सकती है।

चुनावी रंजिश में बूटन चौधरी व समर्थकों ने शराब पार्टी के दौरान ली दीपक की जान

पंस सदस्य हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा हत्या में मुखिया पति सहित तीन गिरफ्तार

- घटनास्थल से छह खोखे, प्लेट, शराब की बोतलें और ग्लास बरामद
- अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही टीम

केटी न्यूज/आरा

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी पंसस दीपक कुमार गुप्ता की हत्या का पुलिस द्वारा 24 घंटे में खुलासा कर दिया गया। चुनावी रंजिश में बूटन चौधरी और उसके भाई सहित अन्य आरोपितों ने पंसस की हत्या की है। बताया जाता है कि शराब पार्टी करने के नाम पर बुलाने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या की गयी। उन पर पांच गोलियां फायर की गयी थी। पुलिस ने इस मामले में मुखिया के पति सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इनमें बेलाउर गांव निवासी उपेंद्र चौधरी, रुपन ठाकुर और रंजय साह शामिल हैं। वहीं, घटनास्थल से छह खोखे, तीन प्लेट, शराब की बोतलें और ग्लास बरामद किया गया है। बताया जाता है कि उपेंद्र चौधरी बेलाउर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी के पति और बूटन चौधरी के बड़े भाई हैं। तीनों द्वारा घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली गयी है।

एसपी प्रमोद कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शुक्रवार की देर शाम बेलाउर गांव में बीडीसी मेंबर दीपक कुमार गुप्ता की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसके बाद हत्या का खुलासा करने और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गयी थी। टीम की जांच में शराब पार्टी के बहाने चुनावी रंजिश में पंसस की हत्या किये जाने की बात सामने आयी। उसके बाद टीम ने घटना में शामिल लोगों की पहचान करते हुए उपेंद्र चौधरी, रुपन ठाकुर और रंजय साह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों द्वारा पूरी घटना बता दी गयी। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल बूटन चौधरी और ऋषि सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में ट्रेनी डीएसपी सह उदवंतनगर थानाध्यक्ष काजल जायसवाल, अपर थानाध्यक्ष सह दारोगा अवधेश कुमार और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

आर्म्स एक्ट में पहले भी जेल जा चुका है उपेंद्र चौधरी : बेलाउर गांव निवासी पंस सदस्य दीपक कुमार गुप्ता की हत्या में गिरफ्तार रुपन ठाकुर और उपेंद्र चौधरी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। एससी के अनुसार रुपन ठाकुर के खिलाफ पिछले साल उदवंतनगर थाने में आर्म्स एक्ट की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उपेंद्र चौधरी भी पहले आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है कि मार्च 2016 में उपेंद्र चौधरी, करीमन चौधरी और बूटन चौधरी सहित अन्य को हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। उस बूटन चौधरी के पास से एक एके 47 सहित अन्य हथियार बरामद किए गए थे। कहा जा रहा था कि पंचायत चुनाव में दहशत पैदा करने के लिए बूटन चौधरी एके 47 के साथ एक बारात में गया था। तब एसपी रहे नवीन चंद्र झा और उनकी टीम की ओर से बूटन चौधरी और उसके साथियों को एके 47 सहित अन्य हथियार के साथ गिरफ्तार किया था।

वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्य के जरिए आरोपितों को सजा दिलाने की कवायद : एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पंस सदस्य की हत्या की वैज्ञानिक तकनीकी आधारित अनुसंधान करायी जा रही है। उसके लिए एफएसएल और डीआईयू की टीम की मदद ली जा रही है। टीम वैज्ञानिक तरीके से घटना के साक्ष्य जुटा रही है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्य के आधार पर सभी आरोपितों को सजा दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है।



पंचायत चुनाव में बूटन का दबदबा रहा

ऐके 47 जैसे हथियार के शौकीन रहे बेलाउर गांव निवासी बूटन चौधरी का पंचायत चुनाव में काफी दबदबा रहा है। खासकर मुखिया चुनाव में उसका सिक्का खूब चलता रहा है। पिछले तीन बार से बूटन चौधरी का प्रत्याशी मुखिया का चुनाव जीतता रहा है। उसकी दबंगई का आलम यह रहा है कि उसके ड्राइवर की पत्नी भी मुखिया का चुनाव जीत गयी थी। बताया जा रहा है कि 2011 के पंचायत चुनाव में चंपा देवी मुखिया के रूप में निर्वाचित



हुई थी। कहा जाता है कि चंपा देवी बूटन चौधरी के ड्राइवर की पत्नी थी। हालांकि 2013 में चंपा देवी की हत्या कर दी गयी थी। उसके बाद 2016 में बूटन चौधरी की बहू जबकि 2021 में भाभी मुखिया बनी। 2016 के चुनाव में उसकी बहू का मुकाबला उसके घोर प्रतिद्वंद्वी बेलाउर गांव निवासी रंजीत चौधरी की घर की एक महिला सदस्य से था। तब चुनाव के कुछ समय पहले बूटन चौधरी को एके 47 के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उसके बाद भी बूटन चौधरी की बहू चुनाव जीत गयी थी। उसी तरह 2021 के पंचायत चुनाव में भी बूटन चौधरी का ही सिक्का चला था। उस बार उसकी भाभी उर्मिला देवी ने संदेश विधायक की रिश्तेदार को पटखनी दे दी थी।

साथ में शराब पी और कर दी हत्या



एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ और जांच में यह बात सामने आयी है कि पंचायत चुनाव में बूटन चौधरी द्वारा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए भी अपने गुट के एक प्रत्याशी को खड़ा किया था। तब बूटन चौधरी के प्रत्याशी को दीपक कुमार गुप्ता के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से ही बूटन चौधरी की दीपक कुमार गुप्ता से अनबन चल रही थी। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे पंस सदस्य दीपक कुमार गुप्ता को फोन कर पार्टी के लिए बुलाया गया। कहा गया है बूटन चौधरी और उपेंद्र चौधरी आपको पार्टी करने के लिए बुला रहे हैं। रात होने के कारण दीपक कुमार गुप्ता नहीं गये और अपने दरवाजे पर बैठे रहे। तब ऋषि चौधरी, रितेश चौधरी व रुपन ठाकुर दीपक गुप्ता के दरवाजे पर पहुंचे। तीनों उनको जबरन अपने साथ सीताराम शर्मा के मकान के पास दालान में ले गए। वहां एक चौकी पर पार्टी शुरू हुई। बूटन चौधरी, उपेंद्र चौधरी, करीमन चौधरी, रुपन ठाकुर, रंजय साह और रितेश चौधरी ने साथ में शराब पी। उसके बाद दीपक कुमार गुप्ता को गोली मारकर हत्या कर दी।

एक नजर

समाज के अंतिम व्यक्ति के मन की बात करते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: डॉ प्रमोद

जहानाबाद। विधान परिषद सदस्य और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को घोसी विधानसभा के दमुंहा शक्ति केंद्र, बूथ 37/38 पर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सुनी। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री सीधे ऐसे लोगों से मन की बात करते हैं, जिन्हें कोई नहीं जानता, लेकिन जो देश और समाज के



लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ह्यमन की बातह्ल के ऐतिहासिक एवं प्रेरक 100 एपिसोड आज पूरे हुए। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि निश्चित तौर पर इस कार्यक्रम ने संपूर्ण भारत की संस्कृति, रीति-रिवाजों, परंपराओं, सफलताओं व लक्ष्यों का परिचय करवाया है। देश के 4 लाख से ज्यादा स्थानों से करोड़ों लोग आज मन की बात कार्यक्रम से जुड़े। प्रधानमंत्री जी इतिहास के इकलौते ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जनता से सीधे जुड़ते हैं, संवाद करते हैं, जनभावनाओं की अनुभूति करते हैं और उस अनुभूति से जनहित में नीति बनाते हैं।

गांवों में स्वच्छता का अलख जगा रहे हैं युवा

जहानाबाद। रविवार को जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार जिले के निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार के द्वारा मखदुमपुर प्रखंड के कलानौर पंचायत के कुथार्डीह में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता के प्रति लोगों को डोर टू डोर जागरुक एवं खुले में शौच से मुक्ति को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान विगत कई महीनों से चल रह जागरुकता अभियान



को देखते हुए लोगों को शौचालय निर्माण को लेकर अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान से प्रेरित होकर महादलित टोला के दर्जनों लोगों के द्वारा अपने घरों में शौचालय निर्माण करा लिया गया और अपने आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। जबकि अमित ने बताया कि जिलाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त के निर्देश पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के पूरे टीम के द्वारा गांव गांव में स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। आज के समय में स्वच्छ एवं सुंदर समाज के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका अहम है। इस लिए युवा, युवतियां सभी लोग अपने घर, गांव एवं पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मदद करें और लोगों को भी खुले में शौच जाने से रोके और उन्हें घर में बने शौचालय का प्रयोग करने के लिए बताएं। इस कार्यक्रम में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के पंचायत पर्वेक्षक विनय कुमार, नेहरु युवा केंद्र के सदस्य संजय पासवान सहित युवा क्लब के दर्जनों युवा उपस्थित रहे।

ग्रामीणों द्वारा कृषि समन्वयक को लाठी-डंडे व लात-घुसा से पीटने का वीडियो हुआ वायरल

आरा। जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गलचौर गांव में ग्रामीणों द्वारा लाठी-डंडे व लात- घुसा से कृषि समन्वयक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो 24 अप्रैल की सुबह की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बड़हरा प्रखंड के पश्चिमी गुंडी पंचायत के गलचौर गांव में फसल सहायता योजना के तहत कृषि समन्वयक सत्यापन कर फोटो खींचने गए थे।



जहां ग्रामीणों ने लात-घुसा एवं लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित बड़हरा पीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी पटना जिला के फतुहा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी नीरज कुमार है। वह वर्तमान में बड़हरा प्रखंड के पूर्वी एवं पश्चिमी गुंडी पंचायत के कृषि समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। इधर जख्मी कृषि समन्वयक नीरज कुमार ने बताया कि वह 24 अप्रैल को पश्चिमी गुंडी पंचायत के गलचौर गांव में सुबह 9 बजे फसल सहायता योजना के तहत सत्यापन कर फोटो खींचने गए थे। तभी गांव के ही सूरज राम, राहुल कुमार और उनके परिवार के तीन सदस्य वहां आ धमके और कहने लगे कि तुमने हम लोगों का जैविक खेती में नाम नहीं जोड़ा है। इसके लिए मैं तुम्हें जान से मार दूंगा। इसके बाद उक्त लोगों द्वारा मेरे साथ मारपीट किया जाने लगा। जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक उन लोगों द्वारा मुझे कुर्सी से ढकेल दिया गया। इसके बाद लाठी-डंडे और लात-घुसा से पीटना शुरू कर दिया गया। मारपीट की घटना में मुझे काफी चोटें लगी है।जिसके बाद अन्य लोगों के मदद से मुझे इलाज के लिए ले जाया गया। वही जख्मी कृषि समन्वयक ने उक्त लोगों पर सरकारी आई कार्ड,गले में सोने का चैन,पर्स में रहे 840 रुपये, जैविक खेती हेतु सर्वेक्षण से संबंधित सरकारी कागजात एवं अन्य बिहार कृषि डायरी समेत कई महत्वपूर्ण कागजात छीनने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरी ओर जख्मी कृषि समन्वयक ने कहा कि इस घटना के बाद मैं काफी डरा हुआ हूं एवं असुरक्षित महसूस कर रहा हूं। उक्त लोगों द्वारा आने वाले समय में इस तरह की घटना को कभी भी अंजाम दिया जा सकता है। जिससे मेरी जान को खतरा बना हुआ है। वही इस मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा लिखीत आवेदन दिया गया है। जिसको लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में शामिल जो भी लोग अभियुक्त हैं। उनकी पहचान कर उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा और जो भी विधि समस्त पर कार्रवाई की जाएगी।

रोहतास में कोरोना मरीजों की संख्या में हो रही वृद्धि, सक्रिय मरीजों की संख्या 7

दो हप्तों में मिले 13 नए संक्रमण के मरीज

केटी न्यूज/सासाराम



देश के कई राज्यों के साथ-साथ बिहार के कई जिलों में भी कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इधर रोहतास जिले में भी कोरोना संक्रमण के मामले लगातार देखने को मिल रहे हैं।पिछले 24 घंटों के भीतर रोहतास जिले में कोरोना संक्रमण के 2 नए मामले और सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के भीतर जिले में 434 लोगों का कोरोना जांच किया गया जिसमें 2 मामले सामने आए हैं। वहीं पिछले दो हप्तो की बात करें तो जिले में कुल 13 कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल से लेकर 28 अप्रैल तक जिले में कुल 11 हजार 951 लोगों का कोरोना जांच किया गया जिसमे 13 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। जिले में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या 7 है। सभी मरीजों को फिलहाल होम आइसोलेशन के तहत रखा गया है। साथ ही संक्रमित मरीजों को अपने घर में सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई है।

कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए तैयारी जोरों पर : कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए स्वास्थ विभाग द्वारा लगातार सभी सरकारी अस्पतालों को उचित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संक्रमण के दूसरे लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए जिला एवं अनुमंडल के अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया। वही अब आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पतालों में स्पेशल कोविड डेडीकेटेड वार्ड बनाया जा रहा है। सासाराम सदर अस्पताल में भी 42 बेड़ों का स्पेशल वार्ड बनाया जा रहा है। सदर अस्पताल द्वारा प्रयाप्त जमीन की उपब्धता करा दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल प्रबंधक रितेश स्वरूप ने बताया की 42 बेड़ों का कोविड डेडीकेटेड वार्ड निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उम्मीद है की जून तक ये वार्ड बनकर पूरी तरह से तैयार हो जायेगा।

पहले की अपेक्षा काफी बेहतर स्थिति : रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर के एन तिवारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रथम लहर के दौरान हम लोग पूरी तरह से तैयार नहीं थे बावजूद इसके हम लोगों ने उस महामारी का जमकर मुकाबला किया। दूसरे लहर के दौरान स्थिति बेहतर हुई और उसमें भी हम लोगों ने डटकर मुकाबला किया और संक्रमण को मात दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि वर्तमान में जिला स्वास्थ्य समिति संक्रमण के अलावा अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सभी व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मी भी संक्रमण जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार हैं।

हथियार के बल पर चालकों को लूट रहा अपराधी गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

- थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीछा कर बदमाश को दबोचा

जिले के संदेश थाने की पुलिस ने हाईवा चालकों से लूटपट में एक अपराधी को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूट की घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गयी है। एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधी संदेश थाना क्षेत्र के ही सुरुंगापुर गांव निवासी रामजन्म सिंह का पुत्र निखिल कुमार है। हालांकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे। दोनों की पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि कुछ हाईवा चालक खोलपुर से देवरिया के बीच मिट्टी ढुलाई के काम में लगे थे। शनिवार की दोपहर संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव पुल के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर तीन चालकों से लूटपाट की गयी। एक चालक से 12000, दूसरे से 980 रुपये और तीसरे से 760 रुपए लूट लिया। घटना को अंजाम देकर तीनों भागने लगे। तभी चालकों की ओर से कॉल कर संदेश थानाध्यक्ष को घटना की सूचना दी गयी। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपराधियों का पीछा शुरू किया गया। पुलिस को देख दो अपराधी तो भाग निकले, लेकिन एक को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपने दोनों साथियों का नाम बताया है। दोनों की गिरफ्तारी को लेकर उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में तीन अपराधियों के खिलाफ लूटपाट की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

खबरें फटाफट

200 ली. अर्द्ध निर्मित शराब विनष्ट

डुमरांव। कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के स्थानीय अनुसूचित जाति बस्ती में शराब की टोह में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक झाड़ीनुमा जगह में छिपाकर रखे गए 200 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गए। अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट करने के बाद पुलिस कारोबारियों की पहचान में जुट गई है। वही पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अनुसूचित जाति बस्ती में हड़कंप मच गया है। बता दें कि इसके पहले भी इस जगह से कई बार शराब की खेप बरामद हो चुकी है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि की है। कारोबारियों की पहचान की जा रही है।

293 पीस शराब के साथ 3 गिरफ्तार

चक्की। चक्की ओपी थाना क्षेत्र के बक्सर कोईलवर बांध से 293 पीस शराब के साथ पुलिस ने 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी बाइक भी जब्त कर ली है। पूछताछ के बाद तीनों को रविवार को जेल भेज दिया गया। शनिवार की देर रात चक्की ओपी पुलिस बक्सर कोईलवर बांध पर गश्ती कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की सीमा से तीन लोग एक ही मोटरसाइकिल से पहुंचे। जिन्हें पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो घबरा गये। जिन्हें रोककर जांच किया गया तो उनके पास से 293 पीस शराब बरामद हुआ। जिसके बाद तीनों तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तस्करों में भोजपुर जिले के केजी रोड नवादा निवासी मनीष कुमार, भोजपुर जिले के अनाइट निवासी मोहन सिंह तथा भोजपुर के महुआर निवासी विशाल कुमार यादव बताया गया है। इस संबंध में चक्की ओपी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान वाहन जांच में बक्सर कोईलवर बांध से 293 पीस शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

मन की बात की प्रेरक कहानियां देशवासियों को करती हैं उत्साहित: मंत्री

केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि मन की बात की प्रेरक कहानियां देशवासियों को प्रेरित करती है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय उक्त रेडियो कार्यक्रम की 100 वी कड़ी में प्रेरणादायी संबोधन में बहुत संवेदनशील और आवश्यक विषयों पर देशवासियों से चर्चा की। निश्चित तौर पर यह कार्यक्रम उत्साह, प्रेरणा,कर्तव्यबोध और भारत बोध की भावना को जागृत करने वाला है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे मन की बात के 100वें संस्करण पर अपने संसदीय क्षेत्र के ब्रह्मपुर विधानसभा के बूथ संख्या 273 पर पार्टी कार्यकताओं व जनमानस के साथ उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 में विजयादशमी के शुभ अवसर पर मन की बात की यात्रा शुरू हुई थी। तबसे से लेकर आज तक इसका हर संस्करण अपने आप में विशेष रहा है। उन्होंने कहा कि मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन आंदोलन बन गया है। हर संस्करण के तरह यह संस्करण भी अपने आप में विशेष और प्रेरणादायी रहा। देश मे बड़ी संख्या में लोग जुड़े। मन की बात-जन जन की बात हो गई है।

डुमरांव में भी सुना गया मन की बात: वही डुमरांव में भी रेडियो पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर महीने होने वाले जनसंवाद ह्यमन की बातह्ल के सौवें एपिसोड के मौके पर डुमरांव नगर के बूथ संख्या 102 पर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन मन की बात को सुना, कार्यक्रम का नेतृत्व युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपक यादव ने किया। मौके पर उपस्थित लोकसभा प्रभारी राजवंश सिंह और वरीय जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय का स्वागत भाजपा के नगर महामंत्री शक्ति राय ने किया। अपने संबोधन में राजवंश सिंह ने कहा कि हमें दूसरों के अच्छे गुणों की पूजा करनी चाहिए चाहे वह आपका विरोधी ही क्यों ना हो। महामंत्री शक्ति राय ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन आंदोलन बेटी-बचाओं- बेटी-पढ़ाओं, अमृत महोत्सव, अमृत सरोवर और स्वच्छता अभियान से लेकर जिस भी विषय से जुड़ा वह जन आंदोलन बन गया। वही दीपक यादव ने कहा कि साल 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से यह रेडियो कार्यक्रम 52 भाषाओं में लगातार प्रसारित हो रहा है। आज के 100वें एपिसोड का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी सीधा प्रसारण किया गया है। यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रमुख कार्य एवं गतिविधियों के कारण पूरा विश्व आज उम्मीद की दृष्टि से भारत को देख रहा है। मौके पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह राजू खरवार चुनमुन प्रसाद वर्मा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय डुमरांव युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष शिवजी कसेरा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, अमर राम, राज किशोर सिंह, हर्षित पाठक, छात्र संघ के डीके कॉलेज के निवर्तमान सचिव सुजीत सिंह, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नीरज सिंह, युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता गोल्डन पांडेय, विश्वास कुमार राय, अभिषेक चौरसिया समेत कई अन्य उपस्थित थे।

कई बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस, चौकाने वाला हो सकता है मामले का उद्भेदन

अक्षय हत्याकांड : एसएफएल की टीम ने मृतक के घर पहुंच इकट्ठा किए साक्ष्य



केटी न्यूज/बक्सर

शुक्रवार की रात दरवाजे पर सो रहे सिकरौल थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अक्षय कुमार पांडेय उर्फ बड़े पांडेय की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उसकी पत्नी ने एक व्यक्ति पर रूपए के लेन देन के विवाद का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। वही शनिवार की देर शाम पटना से आई एसएफएल की टीम ने घटना स्थल पहुंच साक्ष्य इकट्ठा किए है। जानकारों का कहना है कि एसएफएल टीम खून के नमूनों के साथ ही कई अन्य चीजों को फोरेंसिक जांच के लिए अपने साथ ले गई है। माना जा रहा है कि फोरेंसिक टीम द्वारा इकट्ठा किए गए साक्ष्य इस कांड के उद्भेदन में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते है। वहीं पत्नी द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद से पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई है। हालाकि घटना के दूसरे दिन भी नामजद आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो पत्नी द्वारा जो एफआईआर दर्ज कराया गया है उसके अलावे भी कई



बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जानकारों का कहना है कि मामले का उद्भेदन चौकाने वाला हो सकता है। वहीं इस घटना के बाद से ही गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो रूपए के लेन देन के विवाद के अलावे पुलिस की जांच अवैध संबंधों की दिशा में भी लगी है। ऐसे में अपनों के दामन के दागदार होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। जल्दी ही इसका उद्भेदन कर लिया जाएगा।

बम विस्फोट: जांच कर रहे एसपी जल्द होगा मामले का उद्भेदन

केटी न्यूज/बक्सर

शनिवार की अहले सुबह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बालदेवा गांव में हुए बम ब्लास्ट मामले की जांच तेज हो गई है। खुद एसपी मनीष कुमार इस मामले की जांच कर रहे है। रविवार को एसपी बालदेवा पहुंच परिजनों से पूछताछ कर इस मामले की तहकीकात किए। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बम कहा से लाया गया था और किस उदेश्य से घर में रखा गया था। एसपी ने कहा कि बहुत जानकारियां मिली है। परिवार का एक सदस्य भीम आर्मी से भी जुड़ा है। उन्होंने नक्सली एंगल के सवाल पर चुप्पी साधते हुए कहा कि पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी है। जल्दी ही इस मामले का उदभेदन कर लिया जाएगा। उन्होंन जांच का हवाला देते हुए विशेष जानकारी देने से इंकार कर दिया। इधर बम विस्फोट में जख्मी महिला शांति देवी का बनारस में इलाज चल रहा है। बता दें कि शनिवार को अहले सुबह बालदेवा गांव के रामनाथ राम के घर बम विस्फोट हो गया था। जिसमें उनकी पत्नी शांति देवी झुलस गई थी।

नक्सली संलिप्तता के मिल रहे है संकेत : सूत्रों की मानें तो बालदेवा में जो बम विस्फोट हुआ था उसके तार नक्सलियों से जुड़ा है। पुलिस जांच में यह बात सामने आ सकती है। बता दें कि इसके पहले भी इटाढ़ी में नक्सलियों की गतिविधियां रही है। पूर्व में नक्सलियों ने इटाढ़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया था। एक बार एक पुल को भी नक्सलियों ने उड़ा दिया था। हालांकि लंबे समय तक नक्सली गतिविधियां थम सी गई थी। सूत्रों की मानें तो नक्सली फिर से अपनी सक्रियता दिखाने की फिराक में थे।

एक नजर

मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी रेल यात्री कल्याण समिति: दिलीप केशरी

डुमरांव। रविवार को रेलयात्री कल्याण समिति शाखा डुमरांव की एक बैठक संयोजक मास्टर कलीम खान के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अमरनाथ तथा संचालन नगर अध्यक्ष दिलीप केशरी ने किया। बैठक में विगत माह के कार्यो की समीक्षा करते हुए विभिन्न निर्णय लिया गया। स्थानीय स्टेशन पर रेलयात्रियों की मुलभुत सुविधाओं, गाड़ियों के ठहराव तथा स्टेशन के विकास संबंधित पूर्व में तैयार की गयी मांगों के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया तथा सर्वसम्मति से श्याम जी प्रसाद, कमल चौरसिया और अमरनाथ को रेलयात्री कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि रेलयात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए कटिबद्ध है। डुमरांव स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस, कुर्ला एक्सप्रेस, पटना मथुरा कोटा का नियमित ठहराव सहित अन्य सभी मांगो के पुरा होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। अंत में पूर्व में आयोजित विशाल धरना में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया गया। साथ ही लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान द्वारा डुमरांव स्टेशन की समस्याओं के समाधान के लिए रेलमंत्री को पत्र लिखने के लिए धन्यवाद दिया गया। बैठक में मुख्य भुवर सिद्दीकी, छोटे सिंह, अमीत कुमार, मास्टर कलीम, अहमद खान, श्याम जी प्रसाद, कमल चौरसिया, अमरनाथ, अखिलेश केशरी, पप्पू तिवारी, शंभु चौरसिया आदि उपस्थित थे।



सेवानिवृत्त होने पर सीओ को दी गई विदाई

केसठ। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में रविवार को अंचलाधिकारी कुमारी अनुकंपा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस विदाई समारोह की अध्यक्षता शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार विक्रांत ने किया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त सीओ को अंगवस्त्र, फूलमाला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अजय कुमार बिक्रांत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित होता है। उन्होंने अंचलाधिकारी कुमारी अनुकंपा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इनके सेवानिवृत्त होने से हम लोगों को इनकी कमी खलेगी। वहीं सेवानिवृत्त अंचलाधिकारी कुमारी अनुकंपा ने कहा कि मुझे केसठ की जनता से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भूला नहीं पाऊंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अपने पौने दो वर्ष के कार्यकाल में मुझे यहां अपनापन लगने लगा। इस दौरान समाजसेवी बंगाली दूबे ने कहा कि पदाधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपने कार्य की बदौलत छाप छोड़ जाते है। जिसे लोग भूल नहीं पाते है। मौके पर राहुल कुमार, राजद के केसठ पंचायत अध्यक्ष आजाद अहमद, विनय सिंह, सिपाही लाल बहादुर सिंह, रामकिशुन सिंह, नाजिर अनिल कुमार गुप्ता, परशुराम मिश्र सहित अन्य उपस्थिति रहे।

बाइक सवार को बचाने में पेड़ से टकराई यात्री बस, टला बड़ा हादसा

राजपुर। रविवार को बक्सर कोचस मुख्य मार्ग मकोरिया डीह के समीप एक बाइक सवार को बचाने में यात्री बस अनियंत्रित हो सड़क किनारे चाट में लगे एक पेड़ से टकरा गई। हालांकि इस दुर्घटना में बड़ा हादसा होते होते बच गया। लेकिन बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जख्मी बाइक चालक सिसराढ़ के 45 वर्षीय गोपाल सिंह बताए जाते है। जानकारी के अनुसार सिसराढ़ गांव के रहने वाले गोपाल सिंह पिता अमर सिंह किसी काम से राजपुर आए थे। काम पूरा कर वापस गांव लौट रहे थे। तभी रोड पर बक्सर की तरफ से आ रही मां सरस्वती एवं यादव बस दोनों आपस में ओवरटेक करने के लिए तेज गति से गाड़ी को चला रहे थे। जिसे देख बाइक चालक अपने आप को नियंत्रित किया। तभी आगे निकलने के चक्कर में मां सरस्वती बस ने इसमें टक्कर मारते हुए चाट में पहुंचकर एक झाड़ीनुमा पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बाइक चालक बुरी तरह से गिरकर जख्मी हो गया। जिसे आनन-फनन में इलाज के लिए सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद बस में सवार यात्रियों के बीच काफी अफरातफरी का माहौल बन गया। चालक गाड़ी छोड़ आसानी से निकल गया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि संयोग ही कहा जाएगा कि बस में बैठे यात्रियों को सिर्फ मामूली चोट आयी है। अगर बस खाई में पलट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी थाना अध्यक्ष संजय कुमार पासवान एवं पुलिस बल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी चर्चा बना हुआ है।



ठेकेदार से रंगदारी मामले में एक गिरफ्तार, छापेमारी जारी

केटी न्यूज/राजपुर

बुधवार को राजपुर थाना क्षेत्र के सौरी पलिया गांव में रंगदारी के लिए हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शौकत अंसारी डिहरी गांव का रहने वाला है।

बता दें कि बुधवार की शाम चौसा थर्मल पावर प्लांट में मिट्टी भराई को लेकर एलएनटी के ठेकेदार पवन चौधरी सौरी पलिया गांव के बधार में किसानों से बात कर मिट्टी की कटाई कर थर्मल पावर प्लांट भेज रहे थे। तभी डिहरी गांव का रहने वाला शौकत अंसारी, पलिया का नौशाद अंसारी कई अन्य लोग पहुंचकर कार्यस्थल पर रंगदारी की मांग कर रहे थे। जिसकी सूचना पर ठेकेदार के सहयोगी गुड्डू सिंह के पहुंचने से पूर्व ही इसे देखते ही गोलीबारी शुरू कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग खड़े हुए थे। जबकि पुलिस ने एक कार तथा शराब बरामद किया था। जिसमें एसपी के निर्देश के आलोक में जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इसी मामले में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ईसापुर महावीर स्थान बाजार से इसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थाना अध्यक्ष संजय कुमार पासवान ने बताया कि इस मामले में एलएनटी के ठेकेदार पवन चौधरी के लिखित आवेदन पर इन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

खतरे में बाबा साहब का संविधान, संघर्ष जरूरी: शिवानंद

केटी न्यूज/डुमरांव



देश रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान खतरें में है। इसे बचाने तथा सांप्रदायिक ताकतों से देश को मुक्त कराने के लिए सबको मिलकर संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना होगा। उक्त बातें राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने डुमरांव में कही है। वे रविवार को राजद द्वारा नगर भवन में आयोजित किए गए अंबेडकर परिचर्चा में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार भारतीय संविधान को हटाकर मनु स्मृति लागू करना चाहती है। यह सरकार दलितों और वंचितों के संवैधानिक अधिकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार देश मे सांप्रदायिकता का जहर घोल रही है। महंगाई चरम पर है और प्रधानमंत्री जन की बात ना कर केवल मन की बात करते है। बाबा साहब छुआछूत के बिल्कुल खिलाफ थे। समाज के अंतिम पायदान के लोगों को भी संविधान में मतदान करने से लेकर चुनाव लड़ने तक का अधिकार दिया गया है। इस



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह और संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम से पूर्व मंचासीन अतिथियों ने बाबा साहब के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। परिचर्चा को एमएलसी डॉ रामबली सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मधु मंजरी, प्रदेश प्रवक्ता सारिका पासवान, महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव प्रतिभा यादव, ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव ने भी संबोधित किया। इस परिचर्चा में राजद नेता अखिलेश यादव, धनपत चौधरी, पप्पू यादव, कृष्ण बहादुर, बद्री सिंह, हरेंद्र सिंह, लालबाबू यादव, मुन्ना खां, मेहंदी हसन, अमरनाथ, डॉ अब्दुल अलीम हाशमी सहित अन्य मौजूद थे।

केविके में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को दी गई प्राकृतिक खेती और फसल अवशेष प्रबंधन तकनीक की जानकारी

पर्यावरण दूषित होने का दुष्परिणाम सभी को भुगतना पड़ रहा: कृषि वैज्ञानिक

केटी न्यूज/बक्सर



रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100 वा एपिसोड का प्रसारण सुना गया। इस प्रसारण को सुनने के बाद कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन व प्राकृतिक तथा जैविक खेती के तरीके बताए गए। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा पर्यावरण दूषित हो गया है। जिसका दुष्परिणाम सभी को भुगतना पड़ रहा है।

कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि पेड़ पौधों की अंधाधूंध कटाई, रसायनिक खादों का प्रयोग तथा भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के कारण पृथ्वी का तापमान तेजी से बढ़ा है। जिस कारण लोगों को कई तरह की समस्या झेलनी पड़ रही है। हमारे खेत भी बंजर हो रहे है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी है कि किसान प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाए तथा फसल अवशेष का प्रबंधन करें। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि रसायनिक खादों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति घट रही है। यदि किसान नहीं सुधरे तो भविष्य में हमारी जमीन बंजर हो सकती है। इसके पहले कार्यक्रम में आए किसानों का स्वागत करते हुए केन्द्र के प्रभारी प्रमुख हरिगोबिंद ने बताया कि कृषि में अनेक प्रकार के परिवर्तन हो रहे हैं। कृषि पर जलवायु परिवर्तन का भी प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा है। जिसको देखते हुए देशभर मे प्राकृतिक खेती को अपनाने के साथ ही मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर के प्रक्षेत्र मे 01 एकड़ क्षेत्रफल पर एक प्रदर्शन इकाई भी स्थापित की गई है। केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ देव करण ने फसल अवशेष को खाद के रूप मे उपयोग करने की तकनीकी जानकारी देते हुए पराली को जलाने की जगह उसके समूचित उपयोग पर बल दिया। कृषि वैज्ञानिक रामकेवल ने जलवायु मे हो रहे परिवर्तन को देखते हुए मोटे अनाज जैसे-ज्वार, बाजरा, मडूंआ समेत अन्य की खेती करने के बारे मे जानकारी दी। जबकि डॉ मांधाता सिंह ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होनेवाले जैविक खादों को बनाने तथा उसके प्रयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसानों ने भी कई तरह के सवाल पूछे जिसका जबाव कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा बखूबी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील किसान श्रीमन नारायण तिवारी, किसान बिनोद सिंह, चितरंजन तिवारी समेत अन्य ने भी अपने अनुभव साझा किये। मौके पर कृष्णावती देवी, अंजु देवी, चन्दा देवी, कौशल्या देवी, हरेराम यादव, रामप्रवेश दूबे, अजीत कुमार, रविन्द्रनाथ दूबे केवीके के आरिफ परवेज, रवि चटर्जी के साथ ही जिले के सभी प्रखंडों के चयनित 100 से अधिक किसान शामिल हुए थे। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारियों के बाद किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाने तथा फसल अवशेष को खेतों में नहीं जलाने का संकल्प लिया।

गृह युद्ध में सुलगते सूडान से घर लौटे तीन भाई, गांव में खुशी का माहौल

आपबीती सुन लोगों ने जताया आश्चर्य

केटी न्यूज/बलिया



गृह युद्ध की हिंसा में सुलगते सूडान में फंसे भारतीयों को भारत सरकार ऑपरेशन के तहत वहां से निकाल रही है। सूडान में फंसे बलिया के बलुआ गांव के तीन सगे भाइयों की घर वापसी से उनके गांव-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहा। परिजन सूडान से घर वापसी को चमत्कार मान रहे है। वहीं घर वापसी करने वाले तीनों भाई इसके लिए मोदी सरकार का आभार व्यक्त कर रहे है। सगे भाइयों ने सूडान में बिगड़े हालात की जिक्र किया। जिसे सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। बलिया जिले के बलुआ गांव निवासी तीन भाई राहुल, शत्रुघ्न और जालंधर सूडान के खारतूम शहर में एक लोहा गलाने वाली कंपनी में काम करते थे। सभी भाई बारी-बारी से समयातंराल पर अपने घर आते रहते थे।

बीते दिनों वहां हालात बिगड़ गए। भारत सरकार की पहल से तीनों की घर वापसी हुई। भाइयों ने बताया कि वहां के हालात में रहना जान देने जैसा हो गया था। राहुल ने बताया कि बीते कुछ दिनों से सूडान में सेना और पैरामिलिट्री के बीच शुरू हुई जंग ने देश के हालात को अस्थिर कर दिया है। हर जगह लूटपाट और छिनैती आम हो गई है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। वहां के स्थानीय लोग दूसरे देश के लोगों को देखते ही लूटपाट ओर आमादा हो जा रहे हैं। ऐसे में देश लौटने के लिए उनके द्वारा भारत सरकार व प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगाई गई थी। जिसके बाद भारतीय दूतावास ने प्रधानमंत्री के निर्देश पर उनकी सहायता की और उन्हें सेना के जहाज से सऊदी अरब सुरक्षित भेजा। इसी बीच उनके एक भाई शत्रुघ्न को सेना के सहयोग से पानी के जहाज से भारत के लिए रवाना किया गया। जो कि रास्ते में है और एक दो दिन में आ जाएगा। राहुल और जालंधर को सऊदी अरब से भारतीय विमान द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया। जिसके बाद वे घर लौट आए। घर आकर अपने परिवार व बच्चों के बीच उनकी जिंदगी अब कुशलता में है।

मोदी को दिया धन्यवाद : राहुल ने देश के प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। कहा कि घर वापसी का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विदेश में फंसे लोगों को इतनी जल्दी राहत देना किसी अन्य सरकार के बस की बात नहीं थी।

अज्ञात शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप



मऊ। कोपागंज थाना के इंदारा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रेक से 10 मीटर दूरी पर लगभग 25 वर्षीय युवक का शव मिला। जिसे देख राहगीरों ने इसकी सूचना पर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को रेलवे सीमा से बाहर बताकर चली गई। शव मिलने बाद हड़कंप मच गया। उसके बाद रेलवे पुलिस ने सूचना अदरी चौकी प्रभारी को दिया। कोपागंज पुलिस मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के द्वारा काफी छानबीन की गई। लेकिन, शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस का कहना है कि मृतक मांगने खाने वाला घुमन्तु विकलांग लग रहा है। जिसने काला शर्ट, लाल बनियान, लाल अंडरवियर व बांय पैर में काला धागा पहना हुआ है। जिसको लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। इस बाबत कोपागंज एसओ व एसओजी प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि शव कई दिनों पुराना लग रहा है। शव को 72 घंटे पोस्टमार्टम हाउस में रखकर पहचान कराने का प्रयास किया जाएगा। किसी को इसकी जानकारी मिले तो थाना कोपागंज से सम्पर्क कर सकते है।

डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारी का लिया जायजा

संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर हो पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था: जिलाधिकारी

केटी न्यूज/गाजीपुर



रविवार को रायफल क्लब सभागार में चार मई 2023 को होने वाले नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों संग बैठक कर अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने प्रेक्षक को जनपद के तीन नगर पालिकाओं एवं पांच नगर पंचायतों में होने वाले चुनाव के दृष्टिगत वोटरों, वार्डो की संख्या, अध्यक्ष व सदस्यों के नामांकन, कार्मिकों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, रूट चार्ट, मत पत्रों की जॉच, डाक मत पत्रों की जानकारी, वाहनों की उपलब्धता, पार्टी रवानगी स्थल, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की जानकारी, 107/16 की कार्रवाई, जिला बदर, मतपेटियों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ स्ट्रांग रूम में जमा कराने तक के कार्यों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जिले में लायन आर्डर एवं चुनावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए गए तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में प्रेक्षक ने चुनाव में लगे अधिकारियों को उनके कार्यो एवं दायित्वों को बोध कराते हुए निर्देश दिया कि चुनाव के तीन चरण हैं। जिसमें पहला चरण नामांकन का कार्य हो चुका है, दूसरा मतदान एवं तीसरा चरण मतगणना है। जिसे आप द्वारा पूरी निष्पक्षता के द्वारा सम्पन्न कराया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन को कंठस्थ कर लें, क्योकि सारी चुनावी प्रक्रियाएं गाइड लाइन के अनुसार ही सम्पन्न होनी है। प्रेक्षक ने समस्त अधिकारियों को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान समाप्ति तक के कार्यो एवं दायित्वों का बोध कराते हुए जनता भयमुक्त वातारण में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस पर प्रभारी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। अधिकारी अपने दायित्वों का बोध भली-भांति समझ ले तथा उनको जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए क्षेत्रो में भ्रमणशील रहें, साथ ही उपद्रवी एवं असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखें।

उन्होंने निर्देश दिया कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में बनाए गए बूथों के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति उस नगर निकाय का मतदाता नहीं है, तो वह व्यक्ति 48 घंटे पूर्व उस स्थान को छोंड़ देगा। इसके साथ ही बूथ के 100 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक डिवाइस, अस्त्र-शस्त्र, लेकर मौजूद नही रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिला बदर किए गए व्यक्ति की संबन्धित नगर निकाय में मौजूद तो नहीं, इसके लिए संबन्धित एसएचओ द्वारा 48 घंटे पूर्व ही सुनिश्चित कर लिया जाए।

संवदेशनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहे। इसके साथ ही बूथों पर महिला आरक्षियों की भी तैनाती की जाए। प्रेस-मीडिया कवरेज के दौरान गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मीडिया कर्मियों को बूथ के अंदर प्रवेश वर्जित रहेगा। अधिकारियों द्वारा मतदाता पहचान के लिए पूरी शालीनता बरती जाए। मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार बंद रहेंगे। पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित तिथि एवं समय के साथ मतदान केंद्रों के लिए अपने-अपने निश्चित स्थलों से प्रस्थान करेगी। बैठक में, उपजिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि.रा., मुख्य राजस्व अधिकारीसमस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त चुनाव प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित थे।

जिले में प्रेक्षक से मिलने का समय पूर्वाह्न नौ से दस बजे

गाजीपुर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्वक सम्पादित कराने के लिए राज्य निर्वाचन अयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जगदीश प्रसाद सचिव सूचना आयोग उत्तर प्रदेश का 29 अप्रैल 2023 को सायंकाल जनपद में आगमन हो गया, जो निरीक्षण गृह, प्रांतीय खंड लोनिवि के वीवीआईपी कक्ष -एक में प्रवास कर रहें हैं। प्रेक्षक से मिलने का समय पूर्वाह्न 09:00 बजे से 10:00 बजे तक निर्धारित है। प्रेक्षक का मोबाइल नं0- 9532275668 एवं फोन नं0- 0548- 2220224 है।

नगर में डीएम-एसपी ने किया रुट मार्च

गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह पुलिस बल के साथ शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रुट मार्च किए। रुट मार्च के दौरान संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन चेकिंग भी की जा रही थी । पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन व व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवाद भी किया जा रहा था। नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली पुलिस बल के साथ में पैदल गस्त किया गया। इसी क्रम में पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है।

मेधावी छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/गाजीपुर

मरदह थाना क्षेत्र के केलही गांव स्थित शिवपूजन सिंह इण्टर कॉलेज का यूपी बोर्ड परीक्षाफल हाईस्कूल व इंटरमीडिएट संतोष जनक प्राप्त होने के उपरांत रविवार को विद्यालय परिसर में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया।

जिसमें कक्षा हाईस्कूल की छात्रा प्रेमशीला मौर्या ने 570 अंक के साथ 95 प्रतिशत प्राप्तांक के विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की, इसी क्रम में अंजली यादव ने 561 अंक 93.5 प्रतिशत, संजीव गुप्ता 560 अंक 93.33 प्रतिशत, रोहिणी चौहान 560 अंक 93.33 प्रतिशत, आंचल राजभर 560 अंक 93.33 प्रतिशत, जूली राजभर 560 अंक 93.33 प्रतिशत, स्मिता कुशवाहा 560 अंक 93.33 प्रतिशत, विवेक यादव 559 अंक 93.16 प्रतिशत, खुशी कुशवाहा 559 अंक 93.16 प्रतिशत प्राप्त किया।

इसी क्रम में इण्टरमिडिएट की छात्रा साक्षी पांडेय ने 442 अंक के साथ 88.4 प्रतिशत, सविता यादव 421 अंक 84.2 प्रतिशत, सोनम यादव 413 अंक 82.6 प्रतिशत, खुशबू यादव 406 अंक 81.2 प्रतिशत, विद्यासागर मौर्य 405 अंक 81.00 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज सिंह छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ ही पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही, उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की गई।

बार कॉन्सिल के पूर्व उपाध्यक्ष का निधन

गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी बार कॉन्सिल के पूर्व उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता का लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में शनिवार की शाम इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक का शव परिजन एम्बुलेन्स के सहारे देर रात घर ले आए। मृतक रामजी गुप्ता पुत्र गुप्तेश्वर गुप्ता वकालत पेशे से जुड़े थे। जो मुहम्मदाबाद में प्रैक्टिस करते थे। बीते दिनों लीवर में संक्रमण होंने पर इलाज के लिए परिजन पीजीआई लखनऊ गए थे। जहां कई दिनों तक इलाज चला। लेकिन सुधार नहीं हो सका। शनिवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। मृतक प्रैक्टिस के दौरान वार कौन्सिल के उपाध्यक्ष भी चुने गए थे। रामजी गुप्ता मृदुभाषी स्वभाव के कारण आमजन के बीच चर्चा में रहते थे और क्षेत्र की जनता उनकों सम्मान देती थी। मृत्यु की सूचना पर आमजन में शोक की लहर दौड़ गई।

गैंगस्टर मामले में सांसद अफजाल अंसारी को सजा होने पर मुहम्मदाबाद में खौफ से सन्नाटा

केटी न्यूज/गाजीपुर



सांसद अफजाल अंसारी को गैगेस्टर मामले में चार साल की सजा और एक लाख रुपया जुमार्ना होने की खबर मिलते ही उनके आवास फाटक और उसके आस-पास सन्नाटा छा गया। उनके आवास फाटक के बाहर कोतवाल घनानंद त्रिपाठी व थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर विश्वनाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। उनके कुछ शुभ चिंतक इस खबर के बाद फाटक में आए, लेकिन परिवार के किसी सदस्य के वहां मौजूद न होने के कारण मायूश होकर वापस चले गए। सांसद अफजाल अंसारी मुहम्मदाबाद विधानसभा से पांच बार विधायक और गाजीपुर संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। दोनों सांसदीय कार्यकाल उनके लिए शुभ नहीं रहा। सांसद अफजाल अंसारी पहली बार 2004 के लोकसभा चुनाव में सपा की साइकिल पर सवार होकर भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को लगभग सवा दो लाख मतों से पराजित कर लोकसभा पहुंचे थे।

तब 29 नवंबर 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या हो गई थी। जिसमें मुख्तार अंसारी के साथ अफजाल अंसारी आरोपी बनाए गए। अफजाल अंसारी ने इस मामले में कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। लगभग दो साल जेल में रहने के बाद जमानत पर जेल से बाहर आ आज। दूसरी बार 2019 के लोकसभा सपा-बसपा गठबंधन के टिकट पर अफजाल अंसारी चुनाव लड़े जिमसे उन्होंने मनोज सिन्हा को करीब सवा लाख मतों से पराजित किया और बसपा सांसद के रुप में लोकसभा पहुंचे। लेकिन अफजाल का दुर्भाग्य उनका पीछा नहीं छोड़ा। संसदीय कार्यकाल के अंतिम वर्ष में उन्हें गैंगेस्टर के मुकदमे में एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई और दूसरी बार भी जेल चले गए। सजा होने से उनकी संसद की सदस्यता भी समाप्त होनी तय मानी जा रही है।

नगर निकायों के सभी वार्डों में सुनी गई पीएम के मन की बात

ऐतिहासिक रहा कार्यक्रम का 100वां संस्करण

केटी न्यूज/गाजीपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹मन की बात₹ के ऐतिहासिक 100वें संस्करण को भाजपा द्वारा जिले के सभी बूथों तथा नगर निकाय के सभी वार्डों में एलईडी, टीवी, मोबाइल, रेडियो सहित विभिन्न संसाधनों के माध्यम से सुना गया। महामंत्री प्रवीण सिंह तथा उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह नगर के विवेकानंद कालोनी के बूथ संख्या 213 पर बूथ समिति सदस्यों के साथ उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर रामेश्वर तिवारी, शुभम विश्वकर्मा, सुधीर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने जखनियां विधानसभा के बरहट बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें एपीसोड को सुना तथा कहा कि देश कि जनता के भावनाओं से जुड़कर उनसे व्यक्तिगत हृदय स्पर्शी लगाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विलक्षणता का द्योतक है। इनके तेज और बल पर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी तथा देश विश्व शिखर पर स्थापित होने कि ओर अग्रसर है। इस अवसर पर ओमकार सिंह, जगदीश सिंह, अखिलेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

आजाद नगर में भी पीएम के मन की बात को लोगों ने सुनी : भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने नगर पंचायत जंगीपुर के वार्ड संख्या नौ आजाद नगर में रामशीष कुशवाहा के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना, जहाँ रंजीत कुमार राम, गिरिश पांडेय, रोहित कुमार गुप्ता, रामाशीष कुशवाहा, हरि कुशवाहा, असद मंसूरी, मनिष सिसोदिया,अशोक विश्वकर्मा, नन्दलाल कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे। जंगीपुर के वार्ड संख्या 5 मे भाजपा सभासद प्रत्याशी विनोद वर्मा के आवास पर वार्ड प्रभारी, बिरनो ब्लाक प्रमुख राजन सिंह के साथ श्यामबली मद्धेशिया, दिनेश वर्मा, अभिषेक मद्धेशिया, भरत वर्मा, कमलेश कश्यप और कृष्णा गुप्ता आदि ने उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। नगर पंचायत जंगीपुर वार्ड संख्या 10 शास्त्री नगर चुनाव कार्यालय पर चुनाव संयोजक संकठा प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता मे लाल जी गुप्ता, अभिमन्यु सिंह,पवनसुत गुप्ता, रंजू शर्मा, राज रावत, गोलू गुप्ता आदि उपस्थित रहे। गाजीपुर विधानसभा के सदर पश्चिमी मंडल के सकरताली बुथ पर सेक्टर संयोजक अनुराग प्रजापति के नेतृत्व में शशिकांत शर्मा के आवास पर बूथ अध्यक्ष सुनिल मिश्रा, प्रदीप भारती, अंजनी शर्मा, अमेरिका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

100वां एपीसोड : कार्यकताओं के साथ सांसद मस्त ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

बलिया। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने रविवार को बैरिया में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां एपीसोड सुना।



इस अवसर पर पूर्व सांसद भरत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त नेताओं के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात को पूरी तत्परता से सुनी। मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत भाजपा सांसद ने कार्यकताओं के साथ निकाय चुनाव 2023 को आम चुनाव 2024 का सेमीफाइनल बतलाते हुए कार्यकताओं को बलिया जनपद के सभी नगर निकायों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष व सभासद पद के उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने का कार्यकताओं से आवाहन किया। सांसद ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा आम जनमानस के बेहतरी के लिए कराए गए विकास कार्यों एवं प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया, और कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों की बातों को भी सुना। वही सुझाव भी दिया। भाजपा के पूर्व सांसद भरत सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। हम सब पूरा जोर लगा कर स्थानीय नगर निकाय चुनाव में पूरी तन्मयता से आम चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर लड़ा जाए। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमिताभ उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, बैरिया मंडल अध्यक्ष रत्नेश सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


प्रदेश प्रभारी का किया गया जोरदार स्वागत

बलिया। जनता दल यूनाइटेड प्रदेश के प्रभारी एवं बिहार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार का अवलेश सिंह के नेतृत्व मे मऊ जाते समय रसड़ा चौराहे पर पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने उन्हें गुलदस्ते और फूल मालाएं पहनाई। इसके पहले बेल्थरा, नगरा और सिसवार गांव में भी प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह,जिला अध्यक्ष भारत भूषण सिंह,जिला महासचिव पंकज सिंह, रोहित चौबे अशोक यादव, शिवनारायण बर्मा, सतीश कुशवाहा, आयुष सोनी, अंकित सिंह, भगवान गुप्ता, राजधर सिंह यादव, निहाल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



10 गोल्डन कार्ड धारक इलाज के लिए चिन्हित

मऊ। जनपद में प्रत्येक रविवार को लगने वाले आयुष्मान भारत मेले में रविवार को कुल 178 गोल्डन कार्ड धारकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें से 10 गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही आयुष्मान भारत मेले का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें संबंधित क्षेत्र के आशा एवं एएनएम के माध्यम से गोल्डन कार्ड धारकों का निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों पर भेजा जाता है। आयुष्मान भारत मेलों में अब तक 5783 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु चिन्हित 1231 लाभार्थियों को इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। आज लगने वाले आयुष्मान भारत मेले का कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ते निरीक्षण भी किया। इनमें से अधिकतर मरीज मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर हाइड्रोसिल, हर्निया, अपेंडिक्स आदि के हैं। आयुष्मान भारत मेले का आयोजन जनपद के समस्त 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को किया जाता है।



प्रतिमाओं का किया गया अनावरण

मऊ। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जन कल्याण सेवा समिति ग्राम बरडीहा मुहम्मदाबाद गोहना में रविवार को एक उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा गौतम बुद्ध, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय राजनीतिज्ञ समाज सुधारक कांशी राम की प्रतिमाओं का स्थापना कर अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि बौद्ध भिक्षु धमं रतन आजमगढ़, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख रानू सिंह एवं धर्म सिंह गौतम पूर्व प्रत्याशी बसपा ने इन सभी प्रतिमाओं का बारी-बारी से उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बौद्ध भिक्षु ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी ग्रामीणों को संबोधित करते महात्मा गौतम बुद्ध, डॉ भीमराव अंबेडकर, एवं कांशी राम के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन प्रतिमाओं स्थापना हो जाने से इस गांव के लोग एवं बच्चों को इनके रास्तों पर चलने की सीख लेंगे। प्रतिमा के प्रति उनकी सहानुभूति शिक्षा के प्रति और बढ़ती जाएगी। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जो देश के लिए योगदान दिया है वह सराहनीय है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र भारती, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश, महामंत्री मुन्नीलाल भारती, कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार, सचिव राजेश कुमार, भरत राजभर, अशोक एडवोकेट, प्रदीप कुमार, जयराम चौहान, दयानंद सिंह एवं समस्त ग्रामीण/क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

मऊ। नगर के सदर चौक में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ की जनता के साथ एंव बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक मुस्लिम भाई बहनों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात को सुना। इस दौरान मंत्री एके शर्मा के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी छोटे बड़े कार्यकताओं ने भी मन की बात कार्यक्रम को सुना। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा की मऊ में इस समय निकाय चुनाव का माहौल चल रहा है। ऐसे में मन की बात कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मुस्लिम भाई बहनों की भारी संख्या मऊ में बदलाव का संकेत देने लगी है। मंत्री एके शर्मा ने जनता एंव कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अपनी म्ऊ से जुड़ी बचपन की पुरानी यादों को सबके साथ साझा किया। साथ ही जनता जनार्दन से अपील करते हुए कहा कि कुछ बहुरुपिये चोला बदलकर भाजपा सरकार की कार्यों को अपने द्वारा कराये जाने का प्रचंड झूठ फैलाकर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं ऐसे झुठ्ठे से सावधान रहने की आवश्यकता है।

